दैनिक आज

# विद्यार्थियों ने पोस्टर से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया



**युवाओं को जागरूक करती सीएसए की टीम व प्रतियोगिता में शामिल छात्र।**

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 6 अगस्त। विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प अभियान में सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प अभियान में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. संगीता गुप्ता,डॉ. मुकेश श्रीवास्तव तथा डॉ. संगमित्ता महापात्ता के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. मुक्ता गर्ग एवं डॉ. एकता शर्मा मौजूद रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रश्मि सिंह,रेनू निषाद, डॉ. श्रेया तथा डॉ. एलेना ने सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा से नशा एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक हुआ।

# पोस्टर बनाकर नशामुक्ति का दिया गया संदेश

**KANPUR:** चंद्रशेखर आजाद एग्रीकल्चर एंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी में थर्सडे को पोस्टर मेकिंग कंपटीशन आयोजित किया गया. जिसके माध्यम से युवाओं को नशामुक्ति का संदेश दिया गया. डॉ.संगीदा गुप्ता, डॉ.मुकेश श्रीवास्तव व डॉ.संघमित्रा महापात्रा के मार्गदर्शन में ऑर्गनाइज कंपटीशन में स्टूडेंट्स ने प्रतिभा दिखाई. इन पोस्टरों ने समाज में जागरूकता फैलाने तथा नशामुक्त वातावरण के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता को भी रेखांकित किया.

दैनिक जागरण 07/08/2026

अमर उजाला

Etawa

07-08-2026

# एआइ युग में शिक्षकों को बनना होगा स्मार्ट : डॉ. शर्मा

## डीपीएस में कंप्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला आयोजित



कार्यक्रम में शामिल डॉ. एनके शर्मा। स्रोत-स्वयं

इटावा। डीपीएस में गुरुवार को कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला हुई। इसमें चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने शिक्षकों को इन तकनीकों के महत्व से अवगत कराया।

डॉ. शर्मा ने कहा कि कंप्यूटेशनल थिंकिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का ज्ञान शिक्षकों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई के संबंध को सरल उदाहरणों से समझाया। डॉ. शर्मा ने इसके चार प्रमुख स्तंभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों से नई तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। विद्यार्थियों को भी एआई की उपयोगिता से परिचित कराने पर जोर दिया। डॉ. शर्मा ने प्रत्येक शिक्षक को अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में एआई उपकरणों का उपयोग करने को कहा। इससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी, रचनात्मक और आधुनिक बनेगी। यह शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाएगा और शिक्षकों को तकनीक-सक्षम बनाएगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शर्मा ने विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना सिंह का धन्यवाद किया। (संवाद)

अमर भारती
एक उम्मीद
04 प्रदेश, 06 संस्करण
क: 224, पृष्ठ: 12, मूल्य: 03 रु. PRGI No. UPHIN/2011/46455 www.amarbharti.com शुक्रवार, 07 अगस्त 2026 शक सम्वत् 1948,

# विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा-संकल्प अभियान

**कानपुर (अमर भारती)।** विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा - संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा डॉ. मुकेश




श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा डॉ. संगमित्रा महापात्रा, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. मुक्ता गर्ग एवं डॉ. एकता शर्मा ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रश्मि सिंह, रेनू निषाद, डॉ. श्रेया तथा डॉ. एलेना ने समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशा एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। पोस्टरों के माध्यम से आत्म-अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा ÷विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा÷ की परिकल्पना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया गया। इन पोस्टरों ने समाज में जागरूकता फैलाने तथा नशामुक्त वातावरण के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक हुआ। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि जागरूकता, शिक्षा एवं सामूहिक उत्तरदायित्व के माध्यम से ही नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है तथा स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियाँ युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय एवं सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

सिटी इनसाइड | 2.विद्यार्थियों की परिवहन समस्या का समाधान हुआ... | 3.हरियाली व तिरंगा यात्रा ने सहभागिता निभाएं... | 5.माइनिंग सुपरवाईजरों की आग...

संपूर्ण मध्यप्रदेश, छतीसगढ़ एवं उत्तरप्रदेश में प्रसारित

www.samarthsahara.com

samarthsaharabhopal@gmail.com

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 45.0 | 35.0 |
| ग्वालियर | 45.5 | 37.8 |
| इंदौर | 46.0 | 37.0 |
| जबलपुर | 47.0 | 38.0 |

पेट्रोलियम कीमत

पेट्रोल : 115.48 डीज़ल : 100.48

₹ कीमत

डालर : 93.06 यूरो : 99.19

सेंसेक्स : 74, 616 निफ्टी : 25, 814

सोना : 14, 6.983 चांदी 2 42, 439

भोपाल

शुक्रवार

7 अगस्त 2026

वर्ष: 12, अंक: 057

कुल पृष्ठ: 8

मूल्य : 2.00

दैनिक समर्थ सहारा

सच को सच कहने का अदम्य साहस

# कानपुर : विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा-संकल्प अभियान



**कानपुर** । "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा – संकल्प अभियान" के तहत सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा डॉ. संगमित्रा महापात्रा, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. मुक्ता गर्ग एवं डॉ. एकता शर्मा ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रश्मि सिंह, रेनू निषाद, डॉ. श्रेया तथा डॉ. एलेना ने समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशा एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। पोस्टरों के माध्यम से आत्म-अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" की परिकल्पना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया गया। इन पोस्टरों ने समाज में जागरूकता फैलाने तथा नशामुक्त वातावरण के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन वद्यिार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक हुआ। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि जागरूकता, शिक्षा एवं सामूहिक उत्तरदायित्व के माध्यम से ही नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है तथा स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।

Wednesday Times
National News paper

traders to register. Traders also termed the [illegible] President Brijesh Kumar Rathore, among others.

# Computational Thinking and Artificial Intelligence Mandatory for Teachers: Dr. N.K. Sharma

MASOOD TAIMURI
WednesdayTimes



(Etawah) – Dr. N.K. Sharma, former Dean of the Faculty of Agricultural Engineering at Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology, Kanpur, inaugurated a workshop on 'Computational Thinking and Artificial Intelligence' at Delhi Public School by offering floral tributes to the idol of Goddess Saraswati. During the event, Dr. Sharma elaborated on the interrelationship between computational thinking and artificial intelligence. He urged teachers to familiarize themselves and their students with the utility of these technologies and to contribute towards realizing the vision of a 'Viksit Bharat 2047' (Developed India 2047). Using simple examples to illustrate the four key pillars of computational thinking, he explained its significance within artificial intelligence technology and encouraged teachers to utilize AI tools in their respective fields of expertise to evolve into 'smart teachers.' Finally, Dr. Sharma expressed his gratitude to the school's Principal, Dr. Bhavna Singh, and the CBSE City Training Coordinator, Dr. Kailash Yadav, for organizing the workshop.